अमर उजाला
22-03-2026

आशीष ने जिम्नास्टिक में जीता रजत

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के होनहार खिलाड़ी आशीष पुन ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आशीष ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। 18 से 20 मार्च तक चली इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के दिग्गज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक के पुरुष वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आशीष ने पैरेलल बार स्पर्धा में अपनी तकनीकी कुशलता और अद्भुत एकाग्रता का परिचय दिया। उनके सधे हुए प्रदर्शन ने निर्णायकों को प्रभावित किया और उन्होंने रजत पदक हासिल कर अपनी सफलता का परचम लहराया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आशीष की यह जीत उनके अटूट समर्पण, अनुशासन और दिन-रात के कठोर परिश्रम का सुखद परिणाम है। संवाद